# निम्बस प्रोजेक्ट्स लिमिटेड

NIMBUS

पंजीकृत कार्यालयः 1001—1006, 10वीं मंजिल, नारायण मंजिल, 23, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली—110001

फोन : 011-42878900, ईमेल : info@nimbusgroup.net

वेबसाईट : www.nimbusprojectsltd.com

CIN : L74899DL1993PLC055470

**30 जून 2018 को समाप्त तिमाही के स्टैंडअेलोन अन—अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सार**

(₹ लाख में)

| सं. क्र. | विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2018 (अन—अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2018 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.06.2017 (अन—अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2018 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 313.33 | 355.44 | 264.21 | 1203.92 |
| 2 | अवधि का शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर पूर्व तथा असाधारण मदों के उपरान्त) | (–) 159.70 | (–) 142.91 | (–) 232.07 | (–) 776.19 |
| 3 | अवधि का कर के बाद शुद्ध लाभ/ (हानि) ( असाधारण मदों के उपरान्त) | (–) 185.99 | (–) 142.79 | (–) 225.32 | (–) 783.53 |
| 4 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/ (हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | (–) 185.69 | (–) 142.09 | (–) 225.54 | (–) 782.89 |
| 5 | समता अंश पूंजी | 743.80 | 743.80 | 743.80 | 743.80 |
| 6 | कोष (पूर्नमूल्याकंन कोष हटाकर, पूर्व लेखा वर्ष के बैंलेंसशीट के अनुसार) | – | – | – | 4371.15 |
| 7 | आय प्रति अंश (अंकित मूल्य ₹ 10/- प्रत्येक) | | | | |
| | मूलभूत : | (–) 2.50 | (–) 1.91 | (–) 3.03 | (–) 10.53 |
| | डाइल्यूटिड : | (–) 2.50 | (–) 1.91 | (–) 3.03 | (–) 10.53 |

**टिप्पणीः**

1. उपरोक्त अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई और निदेशक मंडल द्वारा **10 अगस्त, 2018** को आयोजित बैठकों में अनुमोदित किये गये।
2. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर तिमाही के स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों के विस्तृत स्वरूप का एक उदाहरण है।
3. तिमाही के वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइटः **www.bseindia.com** और कंपनी की वेबसाइट : **www.nimbusgroup.net**. पर उपलब्ध है।

बोर्ड की ओर से
**निम्बस प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के लिए**
**हस्ताक्षर**
**बिपिन अग्रवाल**
**(प्रबन्ध निदेशक)**
**डीआईएनः 00001276**

तिथि : 10 अगस्त, 2018
स्थान : नई दिल्ली


# इमरान खान ने चुनाव आयोग से मांगी माफी, शपथ 18 को

## चुनाव आयोग ने खान को भेजा नोटिस वापस लिया

इस्लामाबाद, 10 अगस्त (भाषा)।



पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआइ) ने शुक्रवार को घोषणा की कि पार्टी प्रमुख इमरान खान 18 अगस्त को देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। इससे पहले इमरान खान ने मदान की गोपनीयता भंग करने के मामले में चुनाव आयोग से लिखित माफी मांग ली। इसके बाद आयोग ने इमरान खान को जारी नोटिस को वापस ले लिया। इससे इमरान के प्रधानमंत्री बनने की राह आसान हो गई।

पीटीआइ के केंद्रीय अतिरिक्त सूचना सचिव फैसल जावेद ने कहा कि खान के शपथ ग्रहण समारोह के लिए कपिल देव, सुनील गावस्कर और नवजोत सिंह सिद्धू जैसे भारतीय क्रिकेटरों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने 'डॉन न्यूज टीवी' को बताया कि पाकिस्तान की 1992 विश्व कप विजेता टीम को भी अपने कप्तान के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

इससे पहले सेनेट सदस्य जावेद ने ट्विटर पर लिखा था कि खान 18 अगस्त को देश के नए प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने ट्वीट किया, 'इंशाअल्लाह, इमरान खान 18 अगस्त, 2018 को पाकिस्तान इस्लामी गणराज्य के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।'

हालांकि 18 अगस्त को शपथग्रहण समारोह होने की पुष्टि को लेकर कोई आधिकारिक अधिसूचना अब तक जारी नहीं की गई है।

उन्होंने यह ट्वीट राष्ट्रपति ममनून हुसैन की ओर से 13 अगस्त को नेशनल असेंबली का सत्र बुलाने की घोषणा के बाद किया। नेशनल असेंबली के सत्र के दौरान नव निर्वाचित सदस्य पद की शपथ लेंगे।

'जियो न्यूज' की खबर के मुताबिक राष्ट्रपति ने अगले प्रधानमंत्री को शपथ दिलाने के लिए स्कॉटलैंड का अपना दौरा टालने का फैसला किया है। वह 16 से 19 अगस्त के बीच स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग जाने वाले थे।

इससे पहले चुनाव आयोग ने खान की बिना शर्त माफी को मंजूर कर लिया। मतदान की गोपनीयता भंग करने को लेकर खान ने लिखित में माफी मांगते हुए चुनाव आयोग में हलफनामा दाखिल किया था। माफी के बाद चुनाव आयोग ने खान को भेजा गया नोटिस वापस ले लिया। इससे पूर्व क्रिकेटर के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने का रास्ता साफ हो गया।

# तालिबान ने की गजनी पर कब्जे की कोशिश

## 14 पुलिसकर्मियों की मौत, तालिबान के सैकड़ों लड़ाके हताहत

काबुल, 10 अगस्त (एपी)।

तालिबान के लड़ाकों ने अफगानिस्तान के प्रांत गजनी की राजधानी गजनी पर शुक्रवार सुबह कब्जा करने की कोशिश की। इस दौरान 14 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने तालिबान लड़ाकों को पीछे धकेल दिया है। वहीं तालिबान प्रवक्ता ने गजनी पर कब्जे का दावा किया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान सैकड़ों लोग मारे गए।

गजनी के अस्पताल के प्रशासक बाज मोहम्मद हेमात ने बताया कि गजनी में गुरुवार रात हुए हमले में सुरक्षा बलों के बीस सदस्य घायल हुए हैं। हेमात ने कहा कि दो घायल नागरिकों को भी अस्पताल लाया गया। शहर में बंदी के कारण एम्बुलेंस नहीं भेजी जा रही है।

वहीं हेरात प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता गिलानी फरहाद ने बताया कि गुरुवार रात हेरात के ओबे जिले में हुए तालिबानी हमले में छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गई।

गजनी के पुलिस प्रमुख फरीद अहमद मशाल ने बताया कि वहां स्थानीय समयानुसार तड़के दो बजे तालिबान का हमला शुरू हुआ। शहर के आवासीय इलाके में इस दौरान कई दुकानों को आग लगा दी गई। इस हमले का माकूल जवाब देने के बाद किसी भी तालिबान लड़ाके के बचे होने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने घर–घर जा कर तलाशी ली। इस बात की जांच की जा रही है कि विद्रोही हमलावर शहर में इतने अंदर तक घुसने में कैसे सफल हुए। शहर यहां से केवल 120 किलोमीटर दूर है।

मशाल ने बताया कि 100 से अधिक लोग हताहत हुए हैं। हालांकि, इसमें कितने घायल हैं और कितने मृतक। हताहतों में से अधिकतर तालिबान लड़ाके हैं। पुलिस प्रमुख ने बताया कि सुरक्षा बलों ने तालिबान आतंकवादियों को गजनी से बाहर धकेल दिया है। सड़कों पर तालिबान लड़ाकों के शव पड़े हुए हैं। शहर में एक पुल के नीचे से 39 तालिबान लड़ाकों के शव बरामद किए गए हैं। मशाल ने बताया कि हमले को नाकाम करने के लिए किए गए हवाई हमलों में भी दर्जनों तालिबान लड़ाके मारे गए।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद रादमनिश ने बताया कि सेना पुलिस की मदद कर रही है। शहर पर सरकारी सैन्य बलों का नियंत्रण हो गया है।

अफगानिस्तान में मौजूद अमेरिकी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल मार्टिन ओ डोनेल ने बताया कि अमेरिकी बलों और हेलिकाप्टरों ने गजनी में तालिबान के हमले के बाद अफगानिस्तान की सहायता की। इससे तालिबान को पीछे धकेलने में सफलता मिली।

वहीं तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्ला मुजाहिद ने दावा किया कि गजनी पर कब्जा किया जा चुका है और सैकड़ों लोग मारे गए हैं। तालिबान ने हेरात में हुए हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है।


# पंजाब नैशनल बैंक

...भरोसे का प्रतीक !

**शाखा : बॉम्बे बाजार , मेरठ**

**सांकेतिक कब्जा सूचना** *(अचल सम्पत्ति के लिए)*

सिक्योरिटीजाइजेशन एवं रिक्न्सट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल असेट्स इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट एक्ट 2002 के अन्तर्गत तथा सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट (एनफोर्समेंट) नियमों 2002 के साथ पढ़ते हुए अनुच्छेद 13 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने सम्बन्धित ऋणी/ऋणियों/गारन्टरों को प्रत्येक के नाम के सामने दर्शाए गए खाते में उनके नामों के सामने दी गई तारीखों पर नोटिस की तारीख/उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि अदा करने के लिए मांग नोटिस जारी किया था। ऋणी/ऋणियों/गारन्टरों द्वारा राशि अदा करने में असफल होने पर ऋणी/ऋणियों/गारन्टरों और जन सामान्य को नोटिस दिया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने प्रत्येक खाते के सामने दी गई तारीखों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गयी सम्पत्ति/सम्पत्तियों का **सांकेतिक अधिग्रहण** कर लिया है। ऋणी/ऋणियों/ गारन्टरों/ बंधककर्ताओं को विशेष रूप से एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे उक्त सम्पत्ति/सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी प्रकार का लेन–देन न करें। इन सम्पत्ति/सम्पत्तियों से किसी प्रकार का लेन–देन पंजाब नैशनल बैंक को देय राशि एवं उस पर अर्जित ब्याज के चार्ज के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही किया जा सकता है।

| खाते का नाम व खाता सं0 | ऋणी / गारन्टर के नाम व पता | बन्धक रखी गयी प्रापर्टी का विवरण | मांग नोटिस की तारीख | सांकेतिक कब्जा नोटिस की तारीख | मांग नोटिस की तारीख को बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| मैसर्स श्री धवन ज्वैलर्स<br>खाता सं0 1818008700003327 | ऋणीः— श्रीमती मीनू धवन पत्नि श्री विजय पाल सिंह धवन, प्रो0 मैसर्स श्री धवन ज्वैलर्स, दुकान संख्या 59 शिव शंकर बाजार छत्ता अली रजा सर्राफा बाजार, मेरठ यूपी —250002<br>गारन्टरः— श्रीमती दर्शना रानी पत्नि श्री खैराती लाल, मकान सं0 173/1 आनंद पुरी रेलवे रोड, मेरठ यूपी —250002 | दुकान संख्या 200 मौहल्ला छत्ता अलीरजा (नील गली) सर्राफा बाजार मेरठ, क्षेत्रफल 7.8 वर्ग गज (लगभग)। सम्पत्ति स्वामिनी श्रीमती दर्शना रानी पत्नि श्री खैराति लाल बिक्री डीड संख्या 13589 बही नंबर 1 जिल्द नं 2965, पेज नं0 194—196 दिनांक 18—10—1984 में पंजीकृत | 14.05.2018 | 06.08.2018 | रु. 29,29,229.00 + 01.04.2018 से ब्याज + अन्य खर्चे |

*दिनांक : 10—08—2018* *स्थान : मेरठ* *प्राधिकृत अधिकारी*



# IDBI BANK

**आईडीबीआई बैंक लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-05
सीआईएनः L65190MH2004GOI148838

## निविदा सूचना

**विपणन और बॅक ऑफिस सपोर्ट सेवाओं के लिए आउटसोर्सिंग वेंडर (ओएसवी) के रुप में चयन प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)**

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड अपनी शाखाओं/कार्यालयों/स्थापनाओं के लिए विपणन और बॅक ऑफीस सपोर्ट सेवाएँ प्रदान करने हेतु पात्र आउटसोर्सिंग वेंडरों (ओएसवी) से बोली आमंत्रित करता है. इच्छुक वेंडर आईडीबीआई बैंक की वेबसाइट **www.idbi.com** (नोटिस/टेंडर) से प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) दस्तावेज़ डाउनलोड कर सकते हैं. सभी बोलियाँ अनिवार्य रुप से मोहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जाएँ तथा लिफाफे के शीर्ष पर बड़े अक्षरों में ''विपणन और बॅक ऑफीस सपोर्ट सेवाओं के लिए ओएसवी के रुप में सूचीबद्धता के लिए अनुरोध'' लिखा जाए. यह 31 अगस्त 2018 तक (शाम 3.00 बजे तक) महा प्रबन्धक, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400005 के पास अवश्य पहुँच जाना चाहिए.

**दिनांक : 11.08.2018** **हस्ताक्षरित/-**
**स्थान : मुंबई** **प्राधिकृत अधिकारी**


# ट्रंप के सास-ससुर को अमेरिकी नागरिकता

न्यूयार्क, 10 अगस्त (भाषा)।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्लोवानियाई सास–ससुर को चेन आव्रजन या पारिवारिक आव्रजन नीति के तहत अमेरिकी नागरिकता दी गई है। अमेरिका की चेन आव्रजन या पारिवारिक आव्रजन नीति के तहत कोई भी व्यक्ति अमेरिकी नागरिक अपने रिश्तेदारों के लिए अमेरिकी नागरिकता हासिल कर सकता है। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की एक खबर के मुताबिक, अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप के माता–पिता एमालिजा और विक्टर कनाव्स को गुरुवार को न्यूयॉर्क के संघीय आव्रजन अदालत में एक निजी समारोह के दौरान अमेरिकी नागरिकता दी गई। इससे पहले मेलानिया के माता–पिता उनके द्वारा स्पांसर किए गए ग्रीन कार्ड के सहारे अमेरिका में रह रहे थे। उनके वकील माइकल वाइल्डस ने अखबार को यह जानकारी दी। वकील के मुताबिक एक बार ग्रीन कार्ड मिलने के बाद वह पात्रता के आधार पर नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह पूछने पर कि क्या कनाव्स ने चेन आव्रजन के माध्यम से नागरिकता हासिल की, वाइल्डस ने कहा, 'मुझे लगता है यह बेहद गंदी...बहुत गंदी दुनिया है।' डोनाल्ड ट्रंप लगातार चेन आव्रजन या पारिवारिक आव्रजन प्रणाली का विरोध करते रहे हैं। यहां तक कि नवंबर में उन्होंने ट्वीट किया था कि 'चेन आव्रजन अब बंद होना चाहिए। कुछ लोग आते हैं, फिर वह अपने साथ पूरे परिवार को ले आते हैं, जो बहुत खराब है।'


# RattanIndia Power Limited

**(Formerly known as Indiabulls Power Limited.)**

**Extract from the Unaudited Financial Results of RattanIndia Power Limited (Formerly Known as Indiabulls Power Limited.) for the Quarter ended 30 June 2018**

(Rs. In Crore)

| Sr. No | Particulars | Quarter Ended 30.06.2018 (Unaudited) | 31.03.2018 (Audited) | 30.06.2017 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2018 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations | 690.72 | 654.92 | 482.21 | 2,015.38 |
| 2. | Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items) | (7.60) | 2.93 | (136.96) | (411.47) |
| 3. | Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items) | (7.60) | 2.93 | (136.96) | (411.47) |
| 4. | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items) | (7.60) | (3.98) | (136.96) | (418.38) |
| 5. | Total comprehensive income/(loss) for the period [comprising profit/(loss) for the period after tax and other comprehensive income (net of tax)] | (7.54) | (3.95) | (137.01) | (418.14) |
| 6. | Paid-up equity share capital (Face Value of Rs. 10 per Equity Share) | 2,952.93 | 2,952.93 | 2,952.93 | 2,952.93 |
| 7. | Other Equity (excluding revaluation reserve) as shown in the balance sheet of previous year | | | | 1,654.44 |
| 8. | Earnings Per Share (Face Value of Rs. 10 per Equity Share) (for continuing and discontinued operations) | | | | |
| | - Basic (Rs.) | (0.03)* | (0.01)* | (0.46)* | (1.42) |
| | - Diluted (Rs.) | (0.03)* | (0.01)* | (0.46)* | (1.42) |
| | *(EPS for the quarter are not annualised) | | | | |

**Notes:**

(a) The above is an extract of the detailed format of Financial Results of the quarter ended 30 June 2018 filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited financial results are available on the Company's website at www.rattanindia.com and the Stock Exchange websites at www.bseindia.com and www.nseindia.com.

(b) The Auditors in their Limited Review Report on the standalone financial statement for the quarter ended 30 June 2018 have brought out that:

(i) The Company has a non-current investment of Rs. 3,026.26 crore in, inter corporate deposits (classified under current assets) of Rs. 48.48 crore and trade receivable of Rs. 5.33 crore recoverable from RattanIndia Nasik Power Limited, a wholly-owned subsidiary of the Company, as at 30 June 2018. The subsidiary company has incurred losses since its inception and is yet to commence operations. The accumulated losses in the subsidiary company amount to Rs. 1,965.43 crore as at 31 March 2018, and the management of the subsidiary company had determined that a material uncertainty exists, as at 31 March 2018, that may cast significant doubt about the subsidiary company's ability to continue as a going concern. However, in the absence of any impairment assessment performed by the management, we are unable to obtain sufficient appropriate evidence to comment on any adjustment that may be required to be made to the carrying values of the above mentioned non-current investment, inter corporate deposits and trade receivables as at 30 June 2018, and the consequential impact on the accompanying standalone financial results.

(ii) The Company has a non-current investment of Rs. 432.77 crore in and inter corporate deposits (classified as loans under non-current assets) of Rs. 122.58 crore recoverable from Bracond Limited, a wholly-owned subsidiary of the Company, as at 30 June 2018. In the absence of any impairment assessment performed by the management, we are unable to obtain sufficient appropriate evidence to comment on any adjustment that may be required to be made to the carrying values of the above mentioned non-current investment and inter corporate deposits as at 31 March 2018, and the consequential impact on the accompanying standalone financial results.

**Registered Office : 5th Floor, Tower-B, Worldmark 1, Aerocity, New Delhi - 110037**
**CIN: L40102DL2007PLC169082**

**Place : New Delhi**
**Date : 10 August, 2018**

**On behalf of the Board of Directors**
**For RattanIndia Power Limited**
**Jayant Kawale**
**Managing Director**



TV TODAY NETWORK

# टी.वी. टुडे नेटवर्क लिमिटेड

सी.आई.एन.: L92200DL1999PLC103001, वेबसाइटः www.aajtak.intoday.in
पंजीकृत कार्यालयः एफ -26, फस्ट फ्लोर, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली—110001
फोनः 0120—4807100, फैक्सः 0120 4807172
ईमेलः investors@aajtak.com

**19वीं वार्शिक बैठक, रिमोट ई—वोटिंग की जानकारी एवं बुक क्लोज़र की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि :

1. कम्पनी के सदस्यों की 19वीं (उन्नीसवीं) वार्षिक आम बैठक (ए.जी.एम.) सोमवार, 10 सितम्बर, 2018 दोपहर 03.30 बजे (भरतीय समयानुसार) एयरफोर्स ऑडिटोरियम, सुब्रतो पार्क, नई दिल्ली—110010 में होगी जिसका उद्देश्य दिनांक 16 जुलाई 2018 की सूचना में प्रस्तावित कार्यों का निष्पादन करना है।
2. ए.जी.एम. की सूचना और वित्त वर्ष 2017—18 की वार्शिक रिपोर्ट की इलैक्ट्रॉनिक कॉपियां उन सभी सदस्यों को भेज दी गई है जिनका ई—मेल पता कम्पनी/ डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (पार्टिसिपेंट्स) के पास शुक्रवार, 20 जुलाई, 2018 की तिथि में पंजीकृत है। अन्य सभी सदस्यों को उपरोक्त दस्तावेज़ों की वास्तविक प्रतियां स्वीकृत माध्यम से उनके पंजीकृत पते पर भेज दी गई हैं। एजीएम की सूचना और वार्शिक रिपोर्ट भेजने की प्रक्रिया 8 अगस्त, 2018 को पूरी कर ली गई है। उपरोक्त दस्तावेज़ कम्पनी की वेबसाइट www.aajtak.intoday.in पर भी उपलब्ध हैं।
3. कम्पनी के सदस्य जिनके पास कट ऑफ तिथि, अर्थात् 03 सितम्बर, 2018 को वास्तविक या डीमटीरियलाइज रूप में शेयर हैं ए.जी.एम. की सूचना में उल्लिखित कार्यों पर इलेक्ट्रॉनिक मतदान कर सकते हैं। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज़ (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के माध्यम से ए.जी.एम. केंद्र से दूर किसी अन्य स्थान से भी इलेक्ट्रॉनिक मतदान ('रिमोट ई—वोटिंग') कर सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

क) रिमोट ई—वोटिंग 07 सितम्बर 2018 सुबह 09.00 बजे (भारतीय समयानुसार) आरंभ और 09 सितम्बर 2018 शाम 05.00 बजे (भारतीय समयानुसार) सम्पन्न होगी।

ख) ई—वोटिंग या ए.जी.एम. में मतदान योग्यता के निर्धारण की कट—ऑफ तिथि 03 सितम्बर 2018 है।

ग) 09 सितम्बर 2018 शाम 05.00 बजे (भारतीय समयानुसार) के बाद ई—वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।

घ) एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट http://specials.indiatoday.com/aajtaknew/download/notice_agm_2018.pdf और सीडीएसएल की वेबसाइट https://www.evotingindia.com/evsdocs/180726011/Notice19thAGM.pdf पर भी उपलब्ध है।

ड) कोई व्यक्ति, जिसके पास सूचना भेजने के बाद कंपनी के शेयर आते हैं और वह कंपनी का सदस्य बनता है और उसके पास कट ऑफ तिथि (अर्थात् 03 सितम्बर 2018) को इसके शेयर रहते हैं तो वह helpdesk.evoting@cdslindia.com पर आवेदन भेज कर अपना लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया ए.जी.एम. की सूचना में है जो कम्पनी की वेबसाइट पर प्रकाशित है।

च) सदस्यगण कृपया ध्यान दें : क) 09 सितम्बर 2018 शाम 05.00 बजे (भारतीय समयानुसार) के बाद सीडीएसएल रिमोट ई—वोटिंग मॉड्यूल को अक्षम कर देगा और सदस्य के किसी प्रस्ताव पर मतदान कर देने के बाद बदलने की अनुमति नहीं होगी; ख) मतदान पत्र माध्यम से मतदान करने की सुविधा ए.जी.एम. में उपस्थित सदस्यों को दी जाएगी; ग) ई—वोटिंग से मतदान कर चुके सदस्य ए.जी.एम. में भाग ले सकते हैं पर दुबारा मतदान नहीं कर सकते हैं; और घ) कट—ऑफ की तिथि में सदस्यों के रजिस्टर या लाभ के हकदार स्वामियों के डिपॉजिटरी के पास रखे रजिस्टर में नाम दर्ज सदस्य ही रिमोट ई—वोटिंग या ए.जी.एम. में मतदान पत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

छ) ई—वोटिंग के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया www.evotingindia.com पर सहायता अनुभाग में उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रशन (फ्रीक्वेंटली आक्स्ड क्वेचंस) देखें या निम्नलिखित अधिकारी से संपर्क करें :
नाम : श्री राकेश दलवी
पदनाम : मैनेजर
पता : ए विंग, 25वॉ तल, मैराथन फ्युचरएक्स मफतलाल मिल कम्पाउंड्स, एन, एम, जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट) मुंबई — 400013
ई—मेल : आईडी : helpdesk.evoting@cdslindia.com
फोनः 18002005533

ज) यह भी सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं आवश्यक उद्घोशणा) विनियम, 2015 के नियम 42 तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और लागू नियमों का अनुपालन करते हुए कम्पनी की वार्शिक आम बैठक और वित्त वर्ष 2017—18 के लाभांश के लिए शेयर धारकों के अधिकार का निर्धारण करने के उद्देश्य से कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर और शेयर अंतरण बहियां 04 सितम्बर 2018 से 10 सितम्बर 2018 (दोनों दिन शामिल)

कृते टी.वी. टुडे नेटवर्क लिमिटेड
आशीष सभरवाल
ग्रुप हेड — सेक्रेटारियल एवं कम्पनी सचिव
सदस्यता संख्या : एफ 4991

स्थान, नई दिल्ली
तिथि : 10 अगस्त, 2018



# RattanIndia Infrastructure Limited

**(Formerly known as Indiabulls Infrastructure and Power Limited)**

**Extract from the Unaudited Financial Results of RattanIndia Infrastructure Limited (Formerly known as Indiabulls Infrastructure and Power Limited) for the Quarter ended 30 June 2018**

(Rs. In lakh)

| Sr. No | Particulars | Quarter Ended 30.06.2018 (Unaudited) | 31.03.2018 (Audited) | 30.06.2017 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2018 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations | - | - | - | - |
| 2. | Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items) | (41.44) | (41.97) | (54.34) | (189.71) |
| 3. | Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items) | (41.44) | (41.97) | (54.34) | (189.71) |
| 4. | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items) | (41.44) | (41.97) | (54.34) | (189.71) |
| 5. | Total comprehensive income/(loss) for the period [comprising profit/(loss) for the period after tax and other comprehensive income (net of tax)] | (41.44) | (42.01) | (44.67) | (190.07) |
| 6. | Paid-up equity share capital (Face Value of Rs. 2 per Equity Share) | 27,645.39 | 27,645.39 | 27,645.39 | 27,645.39 |
| 7. | Other Equity (excluding revaluation reserve) as shown in the balance sheet of previous year | | | | 40,170.09 |
| 8. | Earnings Per Share (Face Value of Rs. 2 per Equity Share) (for continuing and discontinued operations) | | | | |
| | - Basic (Rs.) | (0.003)* | (0.003)* | (0.003)* | (0.014) |
| | - Diluted (Rs.) | (0.003)* | (0.003)* | (0.003)* | (0.014) |
| | *(EPS for the quarter are not annualised) | | | | |

(a) The above is an extract of the detailed format of financial results of the quarter ended 30 June 2018 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the financial results are available on company's website www.rattanindia.com/ril and on the Stock Exchanges websites at www.bseindia.com and www.nseindia.com.

**Registered Office : 5th Floor, Tower-B, Worldmark 1, Aerocity, New Delhi - 110037**
**CIN: L40101DL2010PLC210263**

**Place : New Delhi**
**Date : August 10, 2018**

**On behalf of the Board of Directors**
**For RattanIndia Infrastructure Limited**
**Narayanasany Jeevagan**
**Director**


# भारतीय उच्चायुक्त ने की इमरान खान से मुलाकात

इस्लामाबाद, 10 अगस्त (भाषा)।



भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया ने शुक्रवार को इमरान खान से मुलाकात की। इमरान 18 अगस्त को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। बिसारिया ने इमरान को पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआइ) को चुनाव में मिली जीत पर बधाई दी। मीडिया के मुताबिक बैठक में खान ने भारत के साथ कश्मीर सहित सभी लंबित मुद्दों पर वार्ता की जरूरत बताई। उन्होंने घाटी में कथित मानवाधिकार उल्लंघन के मामले पर चिंता जाहिर की। बिसारिया ने आतंकवाद और सीमा पार घुसपैठ को लेकर भारतीय नेतृत्व की चिंता से खान को अवगत कराया।

भारतीय उच्चयोग ने ट्वीट किया,'भारतीय उच्चायुक्त ने पीटीआइ नेतृत्व को आतंकवाद और सीमा पार घुसपैठ की चिंताओं से अवगत कराया।' खान से भारतीय उच्चायुक्त ने उनके बनिगाला स्थित आवास पर मुलाकात की। उन्होंने खान को भारतीय क्रिकेट टीम के हस्ताक्षर वाला बल्ला भेंट किया। भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया, 'भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया ने पीटीआइ के अध्यक्ष इमरान खान से मुलाकात की। उच्चायुक्त ने इमरान खान को उनकी चुनावी सफलता पर बधाई दी, कई मुद्दों पर चर्चा की, भारत–पाक संबंधों की संभावना पर विचार–विमर्श किया। उच्चायुक्त ने भारतीय क्रिकेट टीम के ऑटोग्राफ वाला बल्ला उन्हें भेंट किया।' बिसारिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से खान को बधाई दी और परस्पर हित के मामलों पर चर्चा की। पाकिस्तानी मीडिया ने खबर दी कि खान ने उम्मीद जताई कि भारत दक्षेस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेगा जो इस्लामाबाद में होने वाला है।

# कनाडा गोलीबारी, चार की मौत

मांट्रियल, 10 अगस्त (एएफपी)।

कनाडा पुलिस ने पूर्वी शहर फ्रेडरिक्टॉन में गोलीबारी में चार लोगों की मौत के बाद पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने ब्रुकसाइड के आस–पास के लोगों से अपील की है कि वह अपने घरों में ही रहें। पुलिस ने इस घटना को ट्विटर पर सक्रिय घटना बताया है। हत्या के बारे में पहली जानकारी देने के एक करीब एक घंटे बाद पुलिस ने अपने दूसरे संदेश में कहा, 'अभी हम इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि एक संदिग्ध हमारी हिरासत में है।' पुलिस ने बताया कि इस क्षेत्र में अभी जांच जारी है।

न्यू ब्रुनस्विक प्रांत की राजधानी में गोलीबारी की परिस्थितियों की तत्काल जानकारी नहीं मिली है। इस शहर में 60 हजार लोग रहते हैं।

# कार्यवाहक सेना प्रमुख ने पद संभाला

काठमांडो, 10 अगस्त (भाषा)।

नेपाल सेना के अधिकारी जनरल पूर्णचंद्र थापा ने देश के नए कार्यवाहक चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) का कार्यभार संभाल लिया है। मौजूदा प्रमुख जनरल राजेंद्र छेत्री अगले महीने सेवानिवृत्त होंगे। इससे पहले वह औपचारिक छुट्टी पर गए हैं। इस वजह से थापा ने गुरुवार को उनका कार्यभार संभाला। छेत्री के अगले महीने शीर्ष पद से औपचारिक विदाई के बाद थापा नेपाल सेना के सीओएएस पद संभालेंगे। नेपाल सेना के मुख्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में सीओएएस छेत्री ने थापा को जिम्मेदारी सौंपी। 'काठमांडो पोस्ट' के मुताबिक, नेपाल के लामजुंग जिले में सैन्य परिवार में जन्मे थापा संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षा अभियान में दुनिया भर में सेवा दे चुके हैं।